म0 प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड

26, अरेरा हिल्स,किसान भवन, जेल रोड भोपाल

Email

Website : www.mpmandiboard.gov.in E-mail : enammpsamb@gmail.com Tel. : 0755-2554949

क्रमांक / बोर्ड / रा0कृ0बा0 / 2020–21 / ई–22 / 481 भोपाल, दिनांक– 12 / 10 / 2020

प्रति,

सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति .... (समस्त 80)
जिला – .... (म0प्र0)

विषयः– "राष्ट्रीय कृषि बाजार" (e-NAM) योजना संचालन हेतु मानव संसाधन के संबंध में।

—00—

अपर संचालक (कार्मिक) मण्डी भोपाल के पत्र कमांक/बोर्ड कार्मिक/ख/ 738/3058 भोपाल दिनांक 06.10.2020 द्वारा म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड के मुख्यालय, आंचलिक कार्यालयों, तकनीकी कार्यालयों एवं कृषि उपज मण्डी समितियों में अनुबंधित ऐजेन्सियों से आउटसोर्स के माध्यम से डाटा एन्ट्री आपरेटर/अन्य मानव संसाधन लिये जाने के संबंध में ऐजेन्सियों की अनुबंध अवधि दिनांक 17.10.2020 को समाप्त होने के कारण उक्त अनुबंध के तहत आउटसोर्स से प्रदाय समस्त डाटा एन्ट्री आपरेटर/अन्य मानव संसाधन को दिनांक 16 अक्टूबर 2020 (अपरान्ह) से समाप्त (बंद) किया जाकर इनका कार्य कार्यालय में पदस्थ कम्प्यूटर दक्ष कर्मचारियों से संपादन कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

प्रदेश में संचालित "राष्ट्रीय कृषि बाजार"(e-NAM) योजना संचालन हेतु मण्डियों में कम्प्यूटर प्रशिक्षित मानव संसाधन एवं ग्रेडर उपलब्ध नहीं होने पर मण्डी बोर्ड मुख्यालय के परिपत्र कमांक /बोर्ड/NAM/निरीक्षण/2016–17/89 भोपाल दिनांक 05.08.2017 तथा मण्डी बोर्ड मुख्यालय द्वारा जारी आदेश कमांक/बोर्ड/NAM/निरीक्षण/2017–18/ई–22/691 भोपाल दिनांक 20.02.2018 में दिये गये निर्देश अनुसार e-NAM योजना की संबंधित मण्डी समितियों द्वारा मण्डी स्तर पर निविदा विज्ञप्ति के माध्यम से विभिन्न ऐजेन्सियों से अनुबंध किया जाकर इस योजना के संचालन हेतु पूर्णतः अस्थाई रूप से कम्प्यूटर आपरेटर एवं ग्रेडर रखे गये हैं।

म0प्र0 कृषि उपज मण्डी अधिनियम 1972 में संशोधन संबंधी म0प्र0 शासन के अध्यादेश दिनांक 01 मई 2020. तथा भारत सरकार के अध्यादेश दिनांक 05 जून 2020 के परिपेक्ष्य में मण्डियों की आय एवं आवक प्रभावित होने की संभावना के दृष्टिगत e-NAM योजना संचालन के संबंध में कम्प्यूटर आपरेटर एवं ग्रेडर रखे जाने से मण्डी समितियों पर अतिरिक्त रूप से वित्तीय भार पड़ेगा।

अतः "राष्ट्रीय कृषि बाजार" (e-NAM) योजना संचालन का कार्य मण्डी समितियों में पदस्थ कम्प्यूटर दक्ष कर्मचारियों से कराते हुए मण्डी समितियों की वित्तीय स्थिति को दृष्टिगत रखते हुये e-NAM योजना संचालन हेतु विभिन्न ऐजेन्सियों से ठेके पर रखे गये कम्प्यूटर आपरेटर एवं ग्रेडर की सेवायें दिनांक 31.10.2020 (अपरान्ह) से समाप्त करने की कार्यवाही की जाना सुनिश्चित करें। भविष्य में आवश्यकतानुसार मण्डी समितियों की वित्तीय स्थिति अनुसार कम्प्यूटर आपरेटर एवं ग्रेडर रखे जाने के संबंध में पुनर्विचार किया जा सकेगा।

(प्रबंध संचालक महोदय द्वारा आदेशित)

12/10/20

संयुक्त संचालक (ई–नेम)
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक / बोर्ड / रा0कृ0बा0 / 2020–21 / ई–22 / 482 भोपाल, दिनांक– 12 / 10 / 2020

प्रतिलिपि :– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. निज सहायक प्रबंध संचालक म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।
2. संयुक्त/उप संचालक म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड आंचलिक कार्यालय ...(समस्त)।

12/10/20

संयुक्त संचालक (ई–नेम)
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल